**विक्टोरिया का सर्वोच्च न्यायालय**

**प्रस्तावित निपटान के लिए संक्षिप्त नोटिस**

**ऊबर क्लास एक्शन (सामूहिक कानूनी कार्रवाई)**

*Andrianakis v Uber Technologies Inc & Ors* (S ECI 2019 01926)

*Salem v Uber Technologies Inc & Ors* (S ECI 2020 01834)

## यह नोटिस क्या है?

विक्टोरिया के सुप्रीम न्यायालय द्वारा इस संक्षिप्त नोटिस को प्रकाशित करने का आदेश दिया गया है ताकि टैक्सी और हायर कार (hire car) उद्योग के वर्तमान और पूर्व प्रतिभागियों को (जो कुछ ऊबर कंपनियों के खिलाफ क्लास एक्शन (सामूहिक कार्रवाई) में ग्रुप मेंबर (समूह के सदस्य) हो सकते हैं) सामूहिक कार्रवाई के प्रस्तावित निपटान के बारे में पता चल सके।

**महत्वपूर्ण: आपको प्रस्तावित निपटान नोटिस को पढ़ लेना चाहिए। आप मौरिस ब्लैकबर्न की वेबसाइट www.mauriceblackburn.com.au/uber पर प्रस्तावित निपटान नोटिस तक पहुँच सकते हैं। यह उस नोटिस का संक्षिप्त संस्करण है।**

## सामूहिक कार्रवाई किस बारे में हैं?

सामूहिक कार्रवाई में यह आरोप लगाया गया है कि ऊबर समूह (**Uber**) की कुछ कंपनियां "गैरकानूनी तरीकों की साजिश" में सम्मिलित थी, जिसके परिणामस्वरूप समूह के सदस्यों को टैक्सी और हायर कार (HIRE CAR) के लाइसेंस के मूल्य में और आय में नुक़सान उठाना पड़ा है।

## क्या मैं इस सामूहिक कार्रवाई का हिस्सा हूँ?

आप समूह के सदस्य हो सकते/सकती हैं यदि आप निम्नलिखित रूप से टैक्सी और/या हायर कार (HIRE CAR) के लाइसेंस धारक, संचालक, और/या ड्राइवर रहे/रही हैं, या टैक्सी नेटवर्क सेवा प्रदाता रहे/रही हैं:

- विक्टोरिया में, 1 अप्रैल 2014 से 23 अगस्त 2017 के बीच;
- न्यू साउथ वेल्स में, 7 अप्रैल 2014 से 18 दिसंबर 2015 के बीच;
- क्वींसलैंड में, 17 अप्रैल 2014 से 5 सितंबर 2016 के बीच; और/या
- पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में, 10 अक्टूबर 2014 से 4 जुलाई 2016 के बीच।

वे लोग जो समूह के सदस्य हैं, उनके बारे में विस्तृत विवरण **www.mauriceblackburn.com.au/uber** पर उपलब्ध ऑनलाइन प्रस्तावित निपटान नोटिस में प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रस्तावित निपटान**

सामूहिक कार्रवाई के पक्षों द्वारा सामूहिक कार्रवाई के प्रस्तावित निपटान के लिए सहमति प्रदान की गई है, जहाँ ऊबर (दायित्व स्वीकार किए बिना) अभियोगी और समूह के सदस्यों के दावों के निपटान के लिए कुल $271,800,000 का (सभी कानूनी और फंडिंग लागत और ब्याज सहित) भुगतान करेगा। प्रस्तावित समझौता विक्टोरिया के सुप्रीम न्यायालय की मंजूरी के अधीन है। यह निर्धारित करने के लिए कि प्रस्तावित समझौते को मंजूरी दी जाए या नहीं, न्यायालय में 9 से 10 सितंबर 2024 को सुनवाई की जाएगी। न्यायालय में 25 जुलाई 2024 को निपटान अनुमोदन प्रक्रिया से संबंधित प्रशासनिक मामलों से निपटने के लिए भी सुनवाई की जाएगी।

अभियोगियों द्वारा कानूनी लागत, फंडिंग लागत और अभियोगी और सैम्पल समूह के सदस्यों की प्रतिपूर्ति भुगतान के लिए खर्च की गई राशि की मंजूरी के लिए न्यायालय में आवेदन पेश किया जाएगा। यदि इसे स्वीकृति मिलती है तो इन राशियों को निपटान राशि से काट लिया जायेगा। निपटान राशि की शेष राशि को स्वीकृत निपटान वितरण योजना के अनुसार पात्र समूह सदस्यों को वितरित किया जायेगा।

यदि इस समझौते को न्यायालय द्वारा मंजूरी दी जाती है, तो समूह के सदस्यों को सामूहिक कार्रवाई के समान, समरूप या संबंधित परिस्थितियों के लिए ऊबर के खिलाफ कोई अन्य कानूनी कार्रवाई करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

निपटान राशि से काटी जाने वाली कानूनी लागतों, फंडिंग लागतों और प्रतिपूर्ति भुगतान के बारे में और अधिक जानकारी **www.mauriceblackburn.com.au/uber** पर उपलब्ध ऑनलाइन निपटान नोटिस से प्राप्त की जा सकती है।

**मेरे विकल्प क्या हैं?**

**1. कुछ नहीं करें - यदि आप समूह के पंजीकृत सदस्य हैं और आप प्रस्तावित निपटान में भाग लेना चाहते/चाहती हैं, तो आपको कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है।** यदि इसे न्यायालय द्वारा मंजूरी दी जाती है तो 2 अक्टूबर 2023 तक मौरिस ब्लैकबर्न के साथ पंजीकृत समूह सदस्य प्रस्तावित समझौते में भाग लेने के हक़दार होंगे।

**2. आपत्ति करें - यदि आप प्रस्तावित निपटान पर आपत्ति करना चाहते/चाहती हैं**: समूह के सदस्य **2 जुलाई 2024 को शाम 4 बजे (AEDT)** तक प्रस्तावित निपटान पर आपत्ति कर सकते हैं। आपत्ति कैसे करें, इससे संबंधित जानकारी मौरिस ब्लैकबर्न की वेबसाइट **www.mauriceblackburn.com.au/uber** पर उपलब्ध प्रस्तावित निपटान नोटिस में प्रदान की गई है।

**3. भाग लेने से पीछे हटने की माँग करना - यदि आपने समूह सदस्य के रूप में पंजीकरण नहीं करवाया है**: यदि आप समूह के सदस्य हैं और आपने 2 अक्टूबर 2023 तक मौरिस ब्लैकबर्न के साथ पंजीकरण नहीं करवाया है तो आप अपंजीकृत समूह सदस्य हैं। अपंजीकृत समूह सदस्य समझौते के अधीन हैं लेकिन न्यायालय की अनुमति के बिना वे कोई मुआवजा प्राप्त करने के हक़दार नहीं हैं। यदि आप अपंजीकृत समूह सदस्य हैं और आप निपटान में भाग लेने की अनुमति लेना चाहते/चाहती हैं, तो आपको ऐसा **2 जुलाई 2024 को शाम 4 बजे (AEDT)** तक करने की आवश्यकता है। प्रस्तावित निपटान में भाग लेने की अनुमति माँगने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रस्तावित निपटान के लिए नोटिस के अनुभाग G में प्रदान की गई है।

**महत्वपूर्ण: आप मौरिस ब्लैकबर्न की वेबसाइट www.mauriceblackburn.com.au/uber पर उपरोक्त के बारे में और अधिक जानकारी के लिए प्रस्तावित निपटान नोटिस तक पहुँच सकते/सकती हैं। यह निर्णय लेने से पहले कि आपको क्या करना है, आपको प्रस्तावित निपटान नोटिस को पढ़ लेना चाहिए। यह नोटिस प्रस्तावित निपटान नोटिस का विकल्प नहीं है, और आपको मौरिस ब्लैकबर्न की वेबसाइट पर प्रस्तावित निपटान नोटिस को ध्यान से पढ़ना चाहिए क्योंकि यह आपके कानूनी अधिकारों को प्रभावित कर सकता है।**

**और अधिक जानकारी के लिए मुझे किससे संपर्क करना चाहिए?**

आप मौरिस ब्लैकबर्न से 1800 291 047 पर या uber@mauriceblackburn.com.au पर ईमेल द्वारा संपर्क कर सकते/सकती हैं।